तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



छग को हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में तेजी से... 10



शहर में गूंजेगा आज शिव स्वराज का जयघोष 11




## खबर संक्षेप

### अंतर महाविद्यालयीन कराते स्पर्धा 19 से

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के खेल विभाग द्वारा पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयीन कराते प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 फरवरी को किया जाएगा। प्रतियोगिता प्रतिदिन सुबह 10 बजे से महाविद्यालय परिसर में प्रारंभ होगी। इस दो दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया इस आयोजन की संरक्षक हैं। वहीं आयोजन सचिव एवं खेल अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर बांधे के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### चटौद में ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर 20 को

**धमतरी।** कलेक्टर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) अंतर्गत स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष ऋण प्रकरण तैयार करने शिविर का आयोजन 20 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक ग्राम पंचायत भवन चटौद में होगा। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक आवेदकों को स्वरोजगार हेतु न्यूनतम 1,00,000 रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। इसमें 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50,000 रुपये तक की अनुदान राशि का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाते हुए उन्हें स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना है। शिविर में विभिन्न व्यवसायों के लिए ऋण लेने के इच्छुक आवेदकों के आवेदन पत्र तैयार किए जाएंगे तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा।

### बांस की चैली से गिरकर अधेड़ की मौत

**धमतरी।** निर्माणाधीन मकान में लगी बांस की चैली से गिरकर एक घायल अधेड़ की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार धनसिंग सोरी पिता सुद्रन सोरी उम्र 56 वर्ष ग्राम चिपरी थाना शोभा जिला गरियाबंद निवासी अटल आवास योजना के तहत मकान निर्माण करा रहा था। मंगलवार की शाम अधेड़ निर्माणाधीन मकान में लगी बांस की चैली पर चढ़कर दीवार को देख रहा था। इसी दौरान अचानक अनियंत्रित होकर अधेड़ चैली से नीचे गिर गया। घटना में गंभीर रूप से घायल अधेड़ को उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया। अधेड़ को गंभीर हालत के चलते रिफर कर दिया गया। घायल को धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

**ब्रॉडगेज क्रांति : पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के प्रयास को मिली गति**

# अभनपुर-कुरुद ट्रैक पर सौ की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नेतृत्व में यदि इच्छाशक्ति हो, तो विकास की राह में आने वाले हर पत्थर को मील का पत्थर बनाया जा सकता है और यह बात अक्षरशः सच साबित होता दिखाई दिया जब बुधवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने धमतरी जिले के अभनपुर से कुरुद के बीच नए ब्रॉडगेज ट्रैक पर स्पीड ट्रेन का ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया। इस सफल परीक्षण के बाद अब जल्द ही मेमू ट्रेन इस रूट पर दौड़ती नजर आएगी।

गौरतलब है कि वर्षों से जिस ब्रॉडगेज लाइन का स्वप्न कुरुद (धमतरी) की जनता देख रही थी। वह पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक अजय चंद्राकर के सतत संघर्ष और केंद्र व राज्य के बीच प्रभावी सेतु बनने के प्रयास से अब हकीकत में



तब्दील हो गया है। अभनपुर से कुरुद के बीच 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी ट्रेन महज एक तकनीकी परीक्षण नहीं, बल्कि पूर्व मंत्री श्री चंद्राकर के उस अडिग विश्वास की जीत है, जिसे उन्होंने विधानसभा से लेकर रेल मंत्रालय की दहलीज तक पूरी प्रखरता के साथ जीवंत रखा था।

### क्षेत्र के भविष्य का आधारस्तंभ बनेगी यह रेललाइन



धमतरी के जन अरमानों को पटरियों पर उतारने का जो बीड़ा उठाया गया था, आज वह अपनी मंजिल के बेहद करीब है। यह रेल महज आवागमन का साधन नहीं, बल्कि क्षेत्र के गौरवशाली भविष्य का आधारस्तंभ बनेगी।

\- अजय चंद्राकर, *विधायक कुरुद*

### आधुनिक रेल तंत्र से धमतरी की प्रगति का नया सूर्योदय

रेलवे प्रशासन ने कुरुद से धमतरी के बीच 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने की पुष्टि की है। अप्रैल 2026 तक ट्रैक बिछाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद मई-जून 2026 तक मेमू ट्रेन सीधे धमतरी शहर तक पहुंचेगी। विकास के इस महायज्ञ में बाधा बन रहे 150 अवैध कब्जों को हटाने का नोटिस भी जारी कर दिया गया है। ट्रायल के दौरान मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर और रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) की उपस्थिति में मिली क्लीन चिट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कुरुद अब आधुनिक रेल तंत्र से जुड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। कुरुद तक रेल की गूंज सुनाने के बाद अब लक्ष्य धमतरी शहर है।

### तकनीकी श्रेष्ठता और जन आकांक्षाओं का संगम

रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) द्वारा किए गए निरीक्षण और 90-100 किमी प्रति घंटा की सफल गति ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि आने वाला समय धमतरी के लिए आर्थिक और सामाजिक उन्नति का नया द्वार खोलेगा। यह सिर्फ रेल की रफ्तार नहीं, बल्कि उन हजारों आंखों की चमक है जिन्होंने कुरुद के इस विकास पुरुष के नेतृत्व पर भरोसा जताया था।

**आरोपियों ने शिकार के लिए बिछाए थे 178 फंदे**

# वन विभाग के जाल में वन्यजीव के 4 शिकारी फंसे, 3 फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिकार की फिराक में जाल बिछाकर बैठे 4 आरोपियों को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की टीम ने गिरफ्तार किया है। 3 आरोपी भाग निकलने में सफल हो गए, जिनकी तलाश जारी है। आरोपियों से विभिन्न प्रकार के 178 फंदे बरामद किए गए हैं।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की। यहां पर शिकार के उद्देश्य से आए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 3 आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सहायक संचालक तौरेंगा जेपी दर्रो के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र तौरेंगा (बफर) की टीम गश्त पर निकली थी। गौरगांव सर्कल, वन परिसर गौरगांव, संरक्षित वनक्षेत्र क्रंमांक 1153 में कुछ लोग संदिग्ध परिस्थिति में नजर आए। टाइगर रिजर्व की टीम ने जांच की तो पता चला कि ये लोग शिकारी थे और शिकार की नीयत से उन्होंने जंगल में फंदा लगा रखा था। उनके पास से रस्सा सहित तार फंदा 70 नग और क्लच वायर फंदा 108 नग जब्त किया गया।

इस कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा (बफर) केजूराम कोरचे, वनपाल नितेश कुमार सारथी, वनरक्षक चिराग साहू, वनरक्षक दानेश्वर ठाकुर, पेट्रोलिंग श्रमिक मुकेश कुमार सिन्हा, मोतीलाल डोंगरे, यज्ञमालती यादव, हेमसिंग ध्रुव, वाहन चालक पीताम्बर डोंगरे का सहयोग रहा।



### आरोपी जेल भेज गए

वन विभाग ने रूपधर मांझी उम्र 49 वर्ष पिता महादेव मांझीग्राम, पुर्न सान्ता उम्र 31 वर्ष पिता चितरू सान्ता, भीमा सान्ता उम्र 39 वर्ष पिता राम सान्ता, विश्वनाथ सान्ता उम्र 48 वर्ष पिता गन सान्ता को गिरफ्तार किया है। चारों फुलझड़ी, तहसील उमरकोट, जिला नबरंगपुर के रहने वाले हैं। आरोपियों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 2(16)(बी), 9, 27, 29, 30, 31, 39, 44, 50, 51, 52 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी न्यायालय गरियाबंद के समक्ष रिमांड में प्रस्तुत किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में तीन आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

# आधी से कम हो गई आरटीई सीटों की संख्या

- इस साल नर्सरी की जगह पहली कक्षा से दिया जायेगा प्रवेश, आवेदन के लिए पोर्टल खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

हर साल आरटीई के तहत सीटों की संख्या कम हो रही है। इस साल तो सीटें आधी से कम हो गई हैं। पिछले साल आरटीई के तहत 1066 सीट रिजर्व रखी गई थी। इस साल नियम बदलने से सीटों की संख्या मात्र 450 में सिमटकर रह गई है। उधर एडमिशन के लिए 16 फरवरी से पोर्टल खोल दिया गया है। लगातार पोर्टल के जरिए ऑनलाइन आवेदन मिल रहे हैं। 31 मार्च तक आवेदन छात्रों के पंजीयन के लिए जाएंगे।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। इसी के तहत एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आरटीई एडमिशन शेड्यूल के अनुसार 16 फरवरी से पोर्टल खोल दिया गया है। पोर्टल खुलते ही अपने बच्चों को निजी स्कूलों में एडमिशन दिलाने के लिए पालकों ने आवेदन देना शुरू कर दिया है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के




अनुसार 31 मार्च तक एडमिशन के लिए आवेदन लिया जाना है। पहले चरण का एडमिशन 25 जून तक चलेगा। इसके बाद दूसरे चरण के लिए एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### घटी सीटों की संख्या

इस साल नियम बदलने से आरटीई के तहत रिजर्व सीटों की संख्या में काफी कमी हुई है। पिछले साल आरटीई के तहत 191 स्कूलों ने पंजीयन कराया था। इन स्कूलों ने 1066 सीट आरटीई के लिए रिजर्व घोषित किया था। इस साल तो 214 स्कूलों ने आरटीई तहत पंजीयन कराया है। इसके बाद भी सीटों की संख्या 450 में सिमटकर रह गई है। सीट कम होने से बड़ी संख्या में छात्र इस योजना का लाभ लेने से चूक जाएंगे।

### इसलिए घट गई सीट

आरटीई के तहत इस साल नियम बदलकर नर्सरी की जगह पहली कक्षा से प्रवेश दिया जाना है। पिछले सालों से सभी स्कूल अपनी शुरूआती कक्षा से आरटीई के तहत दाखिला देते आ रहे थे। अधिकांश स्कूलों में केजी-1 की शुरूआती कक्षा है। इन स्कूलों में जिन छात्रों को दो साल पहले केजी-1 में एडमिशन दिया गया था। वे केजी-2 के बाद छात्र पहली कक्षा में एडमिशन लेंगे। ऐसे में इन स्कूलों में पहले से पहली कक्षा की सीटें आरटीई के छात्रों से भरी हुई हैं। जो छात्र आरटीई के तहत एडमिशन लेने के बाद स्कूल नहीं आ रहे हैं। केवल उनकी सीट ही रिक्त है। यही कारण है कि इस साल सीटों की संख्या में जबरदस्त कमी आई है। जिन स्कूल में शुरूआती कक्षा पहली है, वहां पर पर्याप्त सीटें है।


# विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखें : डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- एसपी ने ली राजपत्रित अधिकारियों की बैठक

छग पुलिस महानिदेशक ने विधानसभा सत्र को लेकर सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं त्वरित सूचना भेजने के महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं जिसके तहत एसपी ने जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की बैठक ली।

छत्तीसगढ़ के डीजीपी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त पुलिस अधीक्षकों की समीक्षा बैठक लेकर दिशा-निर्देश प्रदान किए, जिसमें विधानसभा सत्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा संवेदनशील विषयों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में एसपी द्वारा राजपत्रित अधिकारियों, खेल एवं समस्त शाखा, कार्यालय प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें विधानसभा सत्र से संबंधित



समस्त तैयारियों, सूचनाओं के त्वरित संप्रेषण निगरानी तंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने तथा संभावित परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधानसभा अवधि के दौरान अपने-अपने दायित्वों का सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही विधानसभा से संबंधित किसी भी प्रश्न, जानकारी या तथ्य को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान यह भी कहा कि समस्त जानकारी राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत समीक्षा के बाद ही प्रेषित की जाए जिससे सूचनाओं की शुद्धता एवं समन्वय सुनिश्चित हो सके। धमतरी पुलिस द्वारा विधानसभा सत्र को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

# बरबांधा और अमलीपारा में बनने वाले टिन शेड की राशि कांकेर पहुंची

- कलेक्टर से धमतरी में राशि ट्रांसफर कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अमलीपारा तथा बरबांधा में बनने वाले 10-10 लाख रूपये के टिन शेड की राशि को कांकेर से धमतरी जिले में ट्रांसफर कराने की मांग कलेक्टर से की गई है।

मंगलवार को गोंडवाना समाज समन्वय समिति नरहरपुर (कांकेर) के अध्यक्ष सगेसिंग वट्टी के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे सामाजिक लोगों ने कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर कहा है कि 14 सितम्बर



2024 को उन्मुक्त खेल मैदान नरहरपुर जिला कांकेर में ठाकुर जोहरनी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गोंडवाना समाज समन्वय समिति ब्लाक नरहरपुर के 12 मुड़ा क्षेत्र में सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 10-10 लाख रूपये के टिन शेड निर्माण की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि 12 मुड़ा क्षेत्र में से दो क्षेत्र धमतरी जिले के नगरी ब्लॉक स्थित अमलीपारा तथा धमतरी ब्लाक का ग्राम बरबांधा आता है जहां टिन शेड निर्माण के लिए 10-10 लाख रूपये की राशि कांकेर के पास आ चुकी है। उक्त राशि को धमतरी कलेक्टर कार्यालय में ट्रांसफर कराने की मांग कलेक्टर से की गई है।

**जमीन चयन की चल रही प्रक्रिया, अब रक्षा मंत्रालय की स्वीकृति का इंतजार**

# सैनिक स्कूल निर्माण को संचालनालय से मिली सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोक शिक्षण संचालनालय ने सैनिक स्कूल प्रस्ताव को सहमति दे दी है। इस स्कूल के लिए जमीन चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कुरूद ब्लाक में 50 एकड़ जमीन की तलाश की जा रही है। सैनिक के लिए रक्षा मंत्रालय के अधीन सैनिक स्कूल सोसायटी से स्वीकृति अनिवार्य है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर जिले में सैनिक स्कूल के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। जिले में सैनिक स्कूल खोलने की प्रक्रिया पिछले कई माह से चल रही है। प्रक्रिया जटिल होने के कारण इसमें वक्त लगेगा। उल्लेखनीय है कि देश



फाइल फोटो

में कोई भी नया सैनिक स्कूल खोलने के लिए रक्षा मंत्रालय के अधीन काम करने वाली संस्था सैनिक स्कूल सोसायटी स्वीकृति देती है। राज्य सरकार, निजी संस्थाएं या एनजीओ इसके लिए आवेदन कर सकती है। अच्छी बात यह है कि जिले से भेजे गए इस प्रस्ताव को लोक शिक्षण संचालनालय से सहमति मिल गई है। जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय को यह प्रस्ताव 13 फरवरी को प्राप्त हुआ। लोक शिक्षण संचालनालय ने 17 फरवरी को इस प्रस्ताव पर सहमति दे दी है। जिले में निवासरत सैनिक परिवार और जिले में उपलब्ध जमीन के आधार पर सैनिक खोलने की सहमति मिली है।

उल्लेखनीय है कि सैनिक स्कूल खुलना जिले के गौरव की बात है। इस स्कूल में पढ़ने के बाद छात्र देश की रक्षा में विशेष योगदान दे सकेंगे। सेना के बड़े पदों पर उनकी नियुक्ति का रास्ता खुलेगा।

इस संबंध में नगर निगम धमतरी के



महापौर रामू रोहरा का कहना है कि सैनिक स्कूल धमतरी के आसपास ही खोला जाना चाहिए। धमतरी में सैनिक स्कूल के लिए कई बड़ी जगह उपलब्ध है। सर्वे करने से पता चल जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन को उन्होंने अपना सुझाव दिया है।

### प्रदेश का दूसरा सैनिक स्कूल होगा

छत्तीसगढ़ में केवल एक शासकीय सैनिक स्कूल अंबिकापुर में संचालित है। रायपुर और राजनांदगांव में भी सैनिक स्कूल है, पर ये सैनिक स्कूल अर्धशासकीय है जिसके चलते फीस ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए इन स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ा पाना कठिन है। धमतरी में सैनिक स्कूल खुलता है तो यह प्रदेश का दूसरा सरकारी सैनिक स्कूल होगा।

### पढ़ाई कक्षा छठवीं से शुरू होगी

सैनिक स्कूल में पढ़ाई कक्षा छठवीं से शुरू होगी। यहां पढ़ाई पूरी तरह से आवासीय होती है। स्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा भी आयोजित की जाती है। इस स्कूल में शिक्षा के साथ छात्रों को देश की रक्षा के क्षेत्र में पारंगत बनाया जाता है। आर्मी में मेजर, कर्नल जैसे पदों के लिए इस स्तर की पढ़ाई जरूरी होती है। इस स्कूल के लिए 50-75 एकड़ जमीन की जरूरत होती है।




## खबर संक्षेप



### मधुबन में श्रीराम महायज्ञ एवं मेला महोत्सव आज से

**मगरलोड।** ब्लाक मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर समीप मधुबन धाम में आज से श्री राम महायज्ञ एवं मेला महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रवचन दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। यज्ञकर्ता पंडित सीताराम दास भाटापारा तथा यज्ञाचार्य पंडित सौरभ मिश्रा राजिम, मुख्य कथावाचक डॉ. अशोक हरिवंश चतुर्वेदी राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम शिवरीनारायण होंगे। सहयोगी पंडित रामदेव शर्मा, रामकृष्ण शर्मा, जितेंद्र प्रसाद शर्मा, खुमेंद्र गोस्वामी, कालेश्वर प्रसाद, रोहित गोस्वामी होंगे।



अशोक हरिवंश चतुर्वेदी

### पटेल समाज बगौदराज के मुख्यालय भवन का उद्घाटन एवं प्रतिभा सम्मान 20 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** कोसरिया मरार पटेल समाज बगौदराज के नवनिर्मित भव्य मुख्यालय भवन का उद्घाटन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 20 फरवरी को समाज का मुख्यालय सिहादभाठा में होगा। समाज के अध्यक्ष सियाराम पटेल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा राजस्व मंत्री होंगे। विशिष्ट अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद तथा ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। समाज की इष्टदेवी मां शाकंभरी की महाआरती होगी। कक्षा 10 वीं, 12 वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जायेगा। निःशुल्क पौधों के वितरण के साथ स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगेगा। संरक्षक नोहर सिंह पटेल, तुकाराम पटेल, उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, विमल पटेल, हुलास पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नारायण पटेल, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष लता पटेल ने समाजजनों से उपस्थिति से अपील की है।

## निधन

### रमौतीनबाई पटेल



**मगरलोड।** ग्राम भोथीडीह निवासी रमौतीन बाई पटेल का 17 फरवरी मंगलवार को निधन हो गया। वे कानून पटेल की पत्नी थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

### कामता प्रसाद साहू



**धमतरी।** ग्राम लिमतरा निवासी कामताप्रसाद साहू का 70 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे जैनकुमार साहू के पिताजी तथा महेश और डोमनलाल के चाचा थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष ने विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

# छग को हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है बोर्ड : विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड का गठन औषधीय पौधों के संरक्षण, संवर्धन, खेती, विपणन और अनुसंधान के लिए किया गया। यह बोर्ड गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री सुनिश्चित करने, किसानों के लिए सब्सिडी और औषधीय क्षेत्र के विकास के लिए नीतियां लागू करता है। छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम ने जिला धमतरी में बोर्ड के सहयोग से संचालित विभिन्न योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया। अध्यक्ष श्री मरकाम ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासन के विजन 2047 के अंतर्गत राज्य को भारत का हर्बल ग्रोथ इंजन बनाने के लिए बोर्ड मिशन मोड में कार्य कर रहा है।





औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री मरकाम ने निरीक्षण के दौरान नदियों के किनारे खस की खेती, लेमनग्रास और ब्राम्ही की खेती, बाड़ी योजना के अंतर्गत लगाए गए सिंदूरी पौधारोपण सहित अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। श्री मरकाम ने औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती कर रहे किसानों और महिला स्व-सहायता समूहों से उनके खेतों में जाकर मुलाकात की। उन्होंने किसानों से चर्चा कर जाना कि शासन की ओर से उन्हें और किस प्रकार की सहायता की आवश्यकता है। इस दौरान महिलाओं और किसानों ने उत्साहपूर्वक कहा कि अब छत्तीसगढ़ में खेती करने में सम्मान और बेहतर आय दोनों मिल रहे हैं। पिछले दो वर्ष में बोर्ड ने कई नवाचार मॉडल शुरू किए हैं। इनमें बाड़ी औषधीय पौधारोपण के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, पंचायतों की खाली भूमि पर स्व-सहायता समूहों द्वारा औषधीय खेती (कन्वर्जेन्स मॉडल), कस्टम फार्मिंग मॉडल के तहत निजी निवेशकों के सहयोग से औषधीय खेती, पैडी डायवर्सन मॉडल के माध्यम से धान की जगह वच और ब्राम्ही जैसी लाभकारी फसलों का उत्पादन, नदियों के किनारे अनुपयोगी भूमि पर खस जैसी सुगंधित फसलों की खेती तथा ग्रामीण चारागाह भूमि को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है और राज्य जल्द ही किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य प्राप्त करेगा। फील्ड विजिट के दौरान बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जे.ए.सी.एस. राव भी उपस्थित रहे। उन्होंने आश्वस्त किया कि बोर्ड आने वाले समय में और अधिक तेजी से कार्य करेगा।

## मेहनत करने वाले ही सफलता अर्जित करते हैं : अजय

- यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में बुधवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कुरूद विधायक अजय चंद्राकर शामिल हुए। अध्यक्षता अध्यक्ष जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश साहू ने की। विशिष्ट तिथि जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जिला पंचायत सभापति मीना साहू, अध्यक्ष नगर पंचायत लीलेश सुरेश साहू, विजय यदु, नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू, भवानी यादव, नरेश अग्रवाल रहे। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि अभाव में विकास का समाधान का छिपा हुआ है। अभाव से घबराए नहीं बल्कि डटकर मुकाबला करना चाहिए। अपना सर्वश्रेष्ठ समय दीजिए । अपने आप को गढ़ने में दीजिए तभी आप सफलता प्राप्त कर पाएंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा मुझे बहुत ही प्रिय है। आज की युवा पीढ़ी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई) और डेटा साइंस जैसी आधुनिक तकनीकी से पढ़ाई करना चाहिए। अभाव में ही आप सफलता प्राप्त कर पाएंगे। श्री चंद्राकर ने कहा कि मगरलोड कुरूद का छोटा भाई है। कुरूद एक अपनी नई शिक्षा नीति को ओर आगे बढ़ रहा है। मेघा पुल बन जाने के बाद कुरूद पहुंचने में मात्र 15 से 20 मिनट लगेगा। मगरलोड नहीं तो कुरूद में आप नई शिक्षा नीति प्राप्त कर सकते हैं।




### लिमतरा के ओम शांति भवन में हुआ ध्वजारोहण

**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर लिमतरा के ओम शांति भवन में प्रातः 8 बजे ब्रहाकुमारी अनीता और कीर्ति की उपस्थिति में सरपंच भुनेश्वरी साहू एवं सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर दोनों बीके बहनों ने शिवरात्रि पर्व मनाने की जानकारी दी। शिव बाबा की महानता का वर्णन किया। इस अवसर पर आनंद साहू, राजेश ध्रुवंशी, जीवनलाल, गिरिराज, गोविंद, परसराम, गैंदलाल समेत अन्य उपस्थित थे।

## गाड़ाडीही में मानसगान सम्मेलन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम गाड़ाडीही (ठेकला) में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ 15 फरवरी रविवार को हुआ। श्री सूर्य ज्योति मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ. लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक सिहावा रही। अध्यक्षता पूनम दशरथ साहू जनपद सदस्य मगरलोड होंगे। विशिष्ट अतिथि तारिणी चंद्राकर अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, रामचरण साहू सरपंच गाड़ाडीही, लालसिंह देवांगन पूर्व सरपंच, ओमप्रकाश साहू पूर्व सरपंच, शांतिलाल साहू पूर्व सेक्टर अध्यक्ष एवं केजू राम साहू पूर्व उपसरपंच थे। सम्मेलन के दौरान प्रतिदिन रामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन, मानसगान एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ धार्मिक प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं। समापन समारोह 18 फरवरी बुधवार को आयोजित किया जाएगा।



### सांकरा में सामुदायिक भवन का हुआ लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

आदिवासी ध्रुव गोंड समाज उपक्षेत्र सांकरा महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकालकर ग्राम सांकरा में सामुदायिक भवन लोकार्पण एवं बूढ़ादेव मंदिर का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि प्रेमरतन रघुवंशी, प्रेमलता नागवंशी जनपद सदस्य सिहावा, पूर्व जनपद सदस्य सुलोचना साहू, नरसिंह मरकाम, राजेश गोसाई, अमन ध्रुव सरपंच हिन्छापुर, क्षेत्रीय अध्यक्ष सांकरा चिंतामणि मरकाम, संरक्षक धनसिंह नेताम युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सांकरा, कुंजल नेताम, लक्ष्मीनाथ ओटी, दिनेश ध्रुव, कमलेश मरकाम, संतोष मरकाम, पवन ध्रुव समेत समाजजन मौजूद थे।

## बेरोजगार युवाओं ने किया नगर पंचायत का घेराव

- गुपचुप तरीके से अपने चहेतों को रोजगार देने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

नगर के 40 से 50 युवाओं एवं नागरिकों ने नगर पंचायत भखारा का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध का मुख्य कारण नगर पंचायत कार्यालय में गुपचुप तरीके से अपने चहेतों को रोजगार देने का मामला था। बेरोजगार युवाओं का कहना है कि नगर में रोजगार की कमी के चलते बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ी है। बेरोजगारी के चलते युवा नशे एवं अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। वहीं पंचायत कार्यालय में कुछ लोगों द्वारा गुपचुप तरीके से कर्मचारीयों की भर्ती की जाती है, जिससे भखारा भठेली के बेरोजगारों के साथ अन्याय हो रहा है।



**आवास पट्टा पर घिरी अध्यक्ष**

नगर के युवाओं एवं नागरिकों ने आवासीय पट्टा की मांग करते हुए अध्यक्ष को चुनावी वादा याद दिलाया जिसमें सभी को पट्टा देने की बात कही गई थी। अध्यक्ष ज्योति जैन ने कहा कि हमने सभी को पट्टा देने का वादा नहीं किया है। शासन की योजना के हिसाब से काम होगा मैंने कभी नहीं कहा कि सभी को पट्टा दिया जाएगा। इससे माहौल और गरमा गया।

### ड्रोन सर्वे और पट्टा पर असमंजस की स्थिति

नगर के युवाओं ने जनप्रतिनिधियों से पूछा कि ड्रोन सर्वे के तहत किस भूमि का सर्वे होगा। आबादी भूमि या शासकीय भूमि का। सर्वे में पट्टा आबादी भूमि का मिलेगा कि शासकीय भूमि का। इन सवालों पर जनप्रतिनिधि अपना पल्ला झाड़ते नजर आए।

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

नगर के बेरोजगार युवा पंकज ने कहा कि नगर पंचायत कार्यालय में बहुत अनियमितता हो रही है। बेरोजगारों के साथ छल किया जा रहा है, साथ ही सभी को पट्टा देने का वादा करने के बाद जनप्रतिनिधि अपने वादों से मुकर रहे हैं। यदि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जायेगी और दोषी पर कार्रवाई नहीं होगी एवं आवास पट्टा नहीं मिला तो नगर के युवाओं एवं नागरिकों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। मौके पर गुलशन, राजा, वसीम, दिनेश, राहुल, हुसैन, रुद्र ,यशवंत, भूषण, भावेश, सुभाष, सनी, मोहनीश, टिकेश्वर, पुष्पेंद्र डोमेश, चिंतामणि, निखिल, सूरज, जीतू, चुकु, शिवम, पिंटू, तिलक, रोशन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मानसगान में बालोद, उमरगांव की मंडली अव्वल





**धमतरी।** ग्राम पुरी में दो दिवसीय रामायण मानसगान प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बालाराम साहू अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत थे। अध्यक्षता पूरण देवदास ने की। विशिष्ट अतिथि चिरौंजीलाल साहू, विजय ध्रुव, कामता साहू, तोरण पटेल, ओंकार साहू, अवध, भरत कोसरिया, पुनऊ, सुकदेव थे। पुरुष वर्ग में प्रथम राममानस परिवार पापरा बालोद, दिवतीय सोनचिरैया मानस परिवार लांभाडीह तथा तृतीय श्रीरामचरित मानस परिवार लखना रहे। महिला वर्ग में प्रथम शिवप्रिया मानस परिवार उमरगांव, दिवतीय श्रद्धा महिला मानस परिवार कचना, तृतीय स्वरांजलि महिला मानस मंडली भैंसाकट्टा रही। यह जानकारी भीमराज साहू ने दी है।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



**नगरी।** महाशिवरात्रि पर्व पर महाभिषेक पर्व के दौरान भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हीरक मंडल श्रेणी में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर लक्ष्य सोन पुत्र भानेश लोकेश्वरी को सम्मानित किया गया। वहीं नूपुर साहू पुत्री डॉ. किशोर वेणु साहू को भी उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सम्मान प्रदान किया गया। अतिथियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा न केवल विद्यार्थियों में सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करती है, बल्कि उन्हें अपनी परंपराओं से भी जोड़ती है। सभी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### डोंगरडुला स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी विदाई



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरडुला विद्यालय में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि राजेंद्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, फुलेश्वरी नेताम पूर्व सरपंच डोंगरडुला, पेमन साहू संसद प्रतिनिधि, अनराज साहू सदस्य तथा विद्यालय के प्राचार्य एमएस जयसिंधु ने किया। कक्षा 9वीं से 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी का महत्व बताया। आगामी परीक्षाओं एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी यादें साझा कीं। विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। समारोह का संचालन पीएल साहू तथा आभार व्यक्त शशांक उपाध्यक्ष छात्र संघ ने किया।

### वार्ड क्रमांक 15 में डस्टबिन का वितरण



**नगरी।** नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 15 में स्वच्छता अभियान अंतर्गत डस्टबिन का वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष हरीश साहू ने क्षेत्रवासियों को डस्टबिन वितरित कर स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। श्री साहू ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। घर-घर डस्टबिन वितरण का उद्देश्य कचरे को इधर-उधर फेंकने की प्रवृत्ति को रोकना और वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखें तथा नगर पंचायत के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मचारी भामा साहू, रश्मि भट्ट एवं दीकेश साहू भी उपस्थित थे। सभी ने स्वच्छ वार्ड, स्वच्छ नगरी के संकल्प को दोहराया।

सुखराम नागे महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

# निरंतर प्रयास करने से ही मिलती है सफलता : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के उत्साह, प्रतिभा और रचनात्मकता की झलक देखने को मिली।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है और वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वनांचल क्षेत्र नगरी के युवा शिक्षा, चिकित्सा, अभियांत्रिकी एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर भी उन्होंने युवाओं को सजग और सक्रिय रहने का संदेश दिया





मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने से ही सफलता प्राप्त होती है। विद्यार्थियों को केवल परीक्षा के लिए नहीं, बल्कि अपने भीतर छिपे हुनर को पहचानकर उसे निखारने के लिए अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया।

मौके पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विकास बोहरा, जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत दिनेश्वरी नेताम, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत नागेंद्र शुक्ला, पूर्व उपाध्यक्ष नगर पंचायत अजय नाहटा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमल डागा एवं विकल गुप्ता, जनपद सदस्य राजेशनाथ गोसाई, पार्षद अल्का साव, अश्वनी निषाद, देवचरण ध्रुव, डागेश्वरी साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष अजजा मोर्चा महेंद्र नेताम, अधिवक्ता तुलसी साहू, लक्ष्मी साहू, सूरज नंदनी साहू, सरपंच लोकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच धीवरचंद साहू उपस्थित थे।

**// आम सूचना //**

(ग्राम धमतरी बालाजी कालोनी रूद्री रोड धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.) स्थित भूमि के सबंध में)

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती शोभा रानी सिंह पति श्री प्रकाश सिंह निवासी बालाजी कालोनी रूद्री रोड धमतरी तह व जिला-धमतरी (छ.ग.) के द्वारा धमतरी बालाजी कालोनी रूद्री रोड धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.) में स्थित भूमि ख.नं. 2578/111 रकबा 754 वर्ग फिट खुली परिवर्तित भूमि है उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यवहार अथवा स्वत्व हित अंश के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय शासकीय अर्ध शासकीय बैंक आदि को यदि कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के भीतर मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें बाद म्याद प्रस्तुत आपत्ति मेरे पक्षकार के उक्त संव्यवहार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा मेरा पक्षकार उक्त इकरार शुदा संपत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करवाने हेतु स्वतंत्र होगा एवं उक्त आम सूचना का खंडन/आपत्ति समाचार पत्रों में प्रकाशन द्वारा मान्य नहीं होगी। सूचना जाने।

धमतरी (छ.ग.)
दिनांक-18/02/2026

**महेश्वर कुमार महिलांग**
**अधिवक्ता**
**तहसील कोर्ट एवं सिविल कोर्ट धमतरी (छ.ग.)**
**मो.नं.: 6261158547, 9907129087**

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202602130700027**

विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः-राजस्व
सन्नः-2025-2026

धमतरी प.ह.नं. 00033 [2/4 (वार्डः01शीट-23) (308.00 हे0)]

**पक्षकारों का विवरण :-**
**आवेदक पक्षकार-धर्मेन्द्र शाह ,**
**अनावेदक पक्षकार -**

**ज्ञापन**

प्रति, हल्का पटवारी ग्राम धमतरी तहसील व जिला धमतरी
विषय - प्रतिवेदन पेश करने बाबत।

आवेदक धर्मेन्द्र शाह पिता स्व. लवचंद शाह निवासी सिंधी धर्मशाला के सामने साल्हेवारपारा धमतरी तह. व जिला धमतरी के द्वारा आवेदक की माता ललिता बाई बेवा लवचंद के नाम पर परिवर्तित भूमि धमतरी प.ह.नं. 33 तह. व जिला धमतरी में स्थित शीट नं 23 सर्वे नं. 1151, 1155, 1155/2, 1152, 1153, 1158, 1159 प्लाट नं. 2/4 क्षेत्रफल 308 व.फु. स्थित है। आवेदक की माता ललिता बाई के द्वारा अपनी उपरोक्त संपत्ति को अपने जीवनकाल में आवेदक के पक्ष दिनांक 16/02/1996 को वसीयतनामा निष्पादित किया है। वसीयतकर्मी ललिताबाई की मृत्यु दिनांक 27/05/2021 को हो गया है। वसीयतनामा के आधार पर मृतक ललिताबाई का नाम राजस्व अभिलेख से विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जाँच कर प्रतिवेदन 27/02/2026 के पूर्व प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे ।

यह ज्ञापन मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/02/2026 को जारी किया जाता है।

KUSUM PRADHAN
**तहसीलदार**
**तहसील धमतरी**

## खबर संक्षेप



### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का प्रमाण-पत्र वितरित

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में तुमगांव इकाई के अंतर्गत मिडिल स्कूल पिरदा, अमावस, बेलटुकरी एवं कांपा के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को इकाई प्रमुख पंथराम साहू एवं वरिष्ठ परिजन ध्रुवराम साहू द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। जिस पर संबंधित विद्यालयों के संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों ने हर्ष जताया। तत्पश्चात संध्या समय गायत्री प्रज्ञापीठ तुमगांव में वरिष्ठ परिजन ध्रुवराम साहू का जन्मदिवस संस्कार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री माता के पूजन-अर्चना के साथ की गई तथा 80 दीप प्रज्वलित कर दीप यज्ञ हुआ। दीप यज्ञ के माध्यम से उपस्थित परिजनों ने दीपक की भांति स्वयं प्रकाशित होकर समाज एवं राष्ट्र के लिए श्रेष्ठ जीवन जीने का संकल्प लिया। साहू ने एक अच्छाई ग्रहण करने एवं एक बुराई त्यागने का संकल्प लिया। यह जानकारी पंथराम साहू ने दी है।

### भाजपा अजा मोर्चा कोमाखान मंडल के अध्यक्ष बने परमेश्वर



**नर्रा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डा.सनम जांगड़े के अनुमति व भारतीय जनता पार्टी जिला महासमुंद जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू की अनुशंसा से अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर तथा नितिन जैन कोमाखान भाजपा मंडल अध्यक्ष की सहमति पर परमेश्वर सोनवानी को अनुसूचित जाति मोर्चा के कोमाखान मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।

### होली पर्व पर शराब दुकान को खुले रखना शासन का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णयः राशि



**महासमुंद।** छतीसगढ़ शासन द्वारा होली पर्व पर भी देशी विदेशी मंदिरा दुकानों को खुले रखे जाने का निर्णय बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन के इस तुगलकी निर्णय से अपराध प्रकरणों में भारी बढ़ोतरी होगी। इस पर शासन को इस मसले पर पुनर्विचार कर अविलंब उक्त दिन में शराब दुकानों को बंद करने का आदेश जारी करें। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की समन्वयक राशि त्रिभुवन महिलांग ने विज्ञप्ति में कही।

महिला कांग्रेस नेत्री महिलांग ने आगे कहा कि पूर्व की अनेक सरकारों ने होली पर्व पर शांति व्यवस्था कायम रखने प्रदेश की शराब दुकानों को होली पर्व के अनेक घंटों पूर्व ही बंद करा देती थी, जिससे प्रदेश की जनमानस शांति पूर्ण व उल्लास प्रेम भाईचारे से होली जैसा पावन पर्व मना सके। इसके ठीक विपरीत वर्तमान समय में प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा की साय सरकार ने अपने अजीबोगरीब व तुग़लकी निर्णय लेते हुए पर्व में भी शराब दुकानों को हर दिन की तरह खोले जाने का निर्णय लिया है, जो प्रदेश की शांति व्यवस्था को चोट करने का प्रयास कहा जा सकता है।

**चिंता : खतरनाक ट्रेंड या नशे का जाल, 20 दिन पुराना है मामला**

# दहदहा स्कूल के 35 बच्चों ने काटे अपने हाथ, पालक सहमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद ब्लॉक स्थित दहदहा मिडिल स्कूल से एक ऐसी विचलित करने वाली घटना सामने आई है, जिसने न केवल अभिभावकों के हृदय को छलनी कर दिया है, बल्कि समूचे शिक्षा जगत को आत्मचिंतन के लिए विवश कर दिया है। स्कूल के कक्षा 6वीं से 8वीं तक के लगभग 35 छात्र-छात्राओं द्वारा किसी नुकीली वस्तु से अपने बाएं हाथ की कलाई पर कट (जख्म) लगाने का सनसनीखेज मामला उजागर हुआ है।

यह हृदयविदारक घटना लगभग 20 दिन पुरानी बताई जा रही है, जो प्रशासन की सजगता पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। मामले का पर्दाफाश तब हुआ जब एक जागरूक पिता ने अपने अबोध बालक की कलाई पर गहरे निशान देखे। पिता के बार-बार पूछने पर भी जब बालक मौन रहा, तो संदेह गहरा गया।

स्कूल पहुंचने पर जब अन्य बच्चों की जांच की गई, तो परत दर परत 35 बच्चों की कलाइयों पर वही खौफनाक निशान मिले। खेद का विषय यह है कि शाला विकास समिति और शिक्षकों ने इस गंभीर मामले को सुलझाने के बजाय इसे दबाने का प्रयास किया और उच्च अधिकारियों को सूचना देने में विलंब किया।



#### नशे का जाल और देखा-देखी की प्रवृत्ति

स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि क्षेत्र में अवैध शराब और नशीली गोलियों का कारोबार अपनी जड़ें जमा चुका है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि कुछ बच्चे नशे की गिरफ्त में आकर इस आत्मघाती कदम की ओर बढ़े होंगे। मेडिकल टीम की काउंसलिंग के अनुसार, यह मास हिस्टीरिया या एक-दूसरे की नकल करने का परिणाम भी हो सकता है, जहां एक बच्चे को देखकर अन्य सहपाठियों ने भी स्वयं को पीड़ा पहुंचाई।

#### प्रशासनिक हस्तक्षेप और काउंसिलिंग

13 फरवरी को एबीईओ चंद्रकुमार साहू के संज्ञान में मामला आने के पश्चात 16 फरवरी को मेडिकल टीम द्वारा बच्चों की सघन काउंसलिंग की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और उनके परिवेश पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता है। यह घटना केवल शारीरिक चोट नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और शैक्षणिक व्यवस्था के विफल होने का संकेत है। यदि समय रहते नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश और बच्चों को मनोवैज्ञानिक संबल नहीं दिया गया, तो भविष्य की यह पौध अंधकार में विलीन हो सकती है।

### ग्राम खिसोरा के वीर जवानों का हुआ सम्मान

**मगरलोड।** धमतरी जिले के ग्राम खिसोरा ने जहां आजादी की लड़ाई के दौरान आधे दर्जन वीर सुराजी सिपाही दिए हैं, उसी गांव के केवेन्द्र साहू, रोशन कश्यप और चंद्रशेखर देश की सीमाओं पर अभेद दीवार बनकर देश की रक्षा करेंगे। देश के बहुप्रतिष्ठित सैन्य बल सीआरपीएफ में खिसोरा के इन युवाओं का चयन कोई साधारण बात नहीं है। इन युवाओं की मेहनत और मजबूत इरादों का प्रतिफल है। गांव के खेत की पगडंडियों से चलकर राजधानी दिल्ली की पैरामिलिट्री फोर्स तक का सफर तय करना हर किसी के बस की बात नहीं है। यह तो केवल देश प्रेम से सने, जज्बाती और फौलादी व्यक्तित्व के युवाओं के लिए ही संभव है। सेना से प्रशिक्षण प्राप्त करके लौटे केवेन्द्र साहू एवं नवचयनित जवान रोशन कश्यप एवं चंद्रशेखर नगारची का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष केपी साहू ने कहा कि यह सम्मान केवल मंच पर आसीन भूतपूर्व और नवचयनित सैनिकों का सम्मान नहीं है, बल्कि यह देश के उन तमाम सैनिकों का सम्मान है जो देश की सीमा पर रात-दिन, सर्दी, गर्मी और बरसात में भी डटे हुए हैं और देश की सेवा का महान कार्य कर रहे हैं।

## उड़ेना को मिला पानी टैंकर, अब नहीं होगी पानी की समस्या



- पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने पूजा-अर्चना के बाद किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम उड़ेना में जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर ने जिला पंचायत विकास कार्य योजना वर्ष 2024-25 के तहत पानी टैंकर का वितरण किया। इस मौके पर श्री चन्द्राकर ने कहा कि पूर्व में ग्राम पंचायत उड़ेना प्रतिनिधियों द्वारा पेयजल संकट को देखते हुए पानी टैंकर की मांग की गई थी जिसका वितरण किया गया। इस टैंकर से ग्रामीणों को पानी की किल्लत से राहत मिलेगी एवं नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या गंभीर हो जाती है। ऐसे में यह पहल उपयोगी सिद्ध होगी। सरपंच तेजराम निर्मलकर ने कहा कि ग्राम उड़ेना में विभिन्न सार्वजनिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में पेयजल आपूर्ति हेतु दिक्क़तों का सामना करना पड़ता था। अब पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा।

इस दौरान समाजसेवी सतीश चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता घनश्याम साहू, सचिव गीता बंजारे, सदानंद साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, टिकेंद्र नेताम पंच, जितेंद्र निर्मलकर पंच, सालिकराम कंवर पंच, जगमोहन नवरंगे पंच, लोकेश्वर साहू, यशवंत साहू, सीताराम साहू, हेमंत साहू, ललित यादव, रामचंद्र ध्रुव, प्रेमा यादव, वीरू उस्ताद ध्रुव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला अधिवक्ता संघ के खेल पखवाड़ा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित खेल पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ 18 फरवरी को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ अधिवक्ता अब्दुल शमीम, राकेश दीवान, रवि दाते एवं अजीत साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष नीरज तिवारी, सचिव बीएल सिन्हा, कोषाध्यक्ष संजय शुक्ला एवं पूर्व क्रीड़ा सचिव शंकर देवांगन उपस्थित रहे। द्वितीय चरण में शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ कुरुद के अधिवक्ता मुकेश साहू एवं सदस्य डी.एस. मोरार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अभिभाषक दानीराम साहू, कपिल चालकी, श्रीमती प्रेमलता साहू, सुश्री पद्मिनी कुर्रे, राकेश साहू, मनोज निर्मलकर, लक्ष्मी नारायण नामदेव, साजिद अनवर, राजेश देवांगन, हेमंत सेन, अमित झा, बसंत जैन सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में कुर्सी दौड़ एवं क्रिकेट प्रतियोगिता 21 फरवरी को बिंद्रा नवागांव में प्रातः 9 बजे से की जाएगी। इसमें अधिवक्ता संघ नगरी, अधिवक्ता संघ कुरुद एवं जिला अधिवक्ता संघ धमतरी की टीमें भाग लेंगी। खेल पखवाड़ा को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह है।

## पीडी नाला से कई टन गाद प्लास्टिक और मलबा निकला

- नगर निगम का पीडी नाला में व्यापक सफाई अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर की स्वच्छता और बेहतर जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नगर निगम द्वारा पीडी नाला में व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जेसीबी मशीनों की मदद से नाले से प्रतिदिन सैकड़ों टन गाद, प्लास्टिक कचरा, लकड़ी, ईंट, सीमेंट और लोहे सहित भारी मात्रा में अवशेष निकाले जा रहे हैं।

निगम प्रशासन के अनुसार लंबे समय से नाले में जमी गंदगी के कारण जल प्रवाह बाधित हो रहा था, जिससे जलभराव और दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए विशेष अभियान चलाकर नाले की गहराई तक जमी गाद को हटाया जा रहा है। मशीनों और कर्मचारियों की संयुक्त टीम सुबह से शाम तक सफाई कार्य में जुटी हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि बारिश के पूर्व प्रमुख नालों की समय पूर्व सफाई का लक्ष्य रखा गया है, ताकि शहर में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। अभियान के दौरान निकाले गए मलबे को निर्धारित स्थान पर परिवहन कर वैज्ञानिक तरीके से निस्तारित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अध्यक्ष निलेश लूनिया ने कहा कि शहर को स्वच्छ और रोगमुक्त बनाए रखना निगम की प्राथमिकता है। नालों की नियमित सफाई से मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगेगी और संक्रामक बीमारियों की आशंका कम होगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नालों में कचरा न डालें और स्वच्छता अभियान में सहयोग करें।

स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा ने बताया कि पीडी नाला शहर की जल निकासी व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसकी सफाई से आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी नियमित मॉनिटरिंग कर सफाई सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त पीसी शर्मा ने कहा कि यह अभियान धमतरी को स्वच्छ, सुंदर और जलभराव मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां-जहां आवश्यकता होगी, वहां इसी प्रकार मशीनों के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थलों और नालों में कचरा न फेंकें तथा शहर की स्वच्छता बनाए रखने में सहभागी बनें। निगम की इस पहल को शहरवासियों द्वारा सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## शहर में गूंजेगा आज शिव स्वराज का जयघोष

- 397वीं छत्रपति शिवाजी जयंती पर होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



वीरता, पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की 397वीं जयंती आज 19 फरवरी गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। पूरे दिन विविध धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। सुबह 6:30 बजे मां तुलजा भवानी मंदिर में अभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद सुबह 8 बजे शिवाजी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 9 बजे शहर में भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी, जिसमें युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। दोपहर 3 बजे आकर्षक शोभायात्रा निकलेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। 3:30 बजे मंदिर में महाआरती का आयोजन होगा। शाम 6:30 बजे से मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य समारोह एवं प्रतिभावान सम्मान समारोह शामिल है। कार्यक्रम स्थल मराठा मंगल भवन रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर होंगे। विशिष्ट अतिथि धमतरी डीएफओ श्रीकृष्ण जाधव शामिल होंगे। मुख्य वक्ता आनंद पवार अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मराठा समाज के अध्यक्ष दीपक लोंढे करेंगे। शिवाजी जयंती को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।

### 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**जीजामगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य मनोज टंडन ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये प्रेरित किया। शाला समिति के सदस्य शेखर साहू और यशवंत साहू ने बच्चों को अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने के लिए शुभकामनाएं दी।

## मलबा माफियाओं पर निगम का प्रहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर में अवैध रूप से मलबा फेंकने वालों पर अब सख्त कार्रवाई शुरू हो गई है। नगर निगम ने एमएस मेहता ब्रदर्स के सामने स्थित बॉम्बे गैराज लाइन क्षेत्र में डंप किए गए सी एंड डी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट को हटाते हुए संबंधित व्यक्ति के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार निर्माण और तोड़फोड़ से निकला मलबा सड़क किनारे डाल दिया गया था, जिससे यातायात बाधित हो रहा था और आसपास गंदगी फैल रही थी। स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। जेसीबी मशीन और परिवहन वाहनों की मदद से ईंट, सीमेंट, गिट्टी और अन्य निर्माण अवशेषों को हटाकर निर्धारित स्थल पर भेजा गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट कहा है कि शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को मलबा डंपिंग जोन समझने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि सी एंड डी वेस्ट का वैज्ञानिक निपटान आवश्यक है, अन्यथा इससे जल निकासी प्रभावित होती है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ता है। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को निर्धारित स्थान पर ही डालें या अधिकृत रूप से उठाव के लिए निगम से संपर्क करें। शहर को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रशासन ने जनसहयोग को जरूरी बताया है। धमतरी में निगम की इस कार्रवाई को स्वच्छता और अनुशासन की दिशा में सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

## सैनिक स्कूल खुलने से युवाओं में देश सेवा की भावना प्रबल होगी



- भाजपा पार्षदों ने महापौर को पुष्पगुच्छ भेंटकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धमतरी में सैनिक स्कूल खोलने की स्वीकृति मिलने पर भाजपा पार्षदों ने महापौर से मुलाकात कर हर्ष व्यक्त किया।

पार्षदों ने कहा कि महापौर के सतत प्रयास, राज्य शासन के सकारात्मक सहयोग तथा मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल की स्थापना से धमतरी जिले सहित पूरे अंचल के विद्यार्थियों को अब सेना में जाने के लिए बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण तैयारी का अवसर प्राप्त होगा। सैनिक स्कूल खुलने से क्षेत्र के युवाओं में देश सेवा की भावना और अधिक प्रबल होगी तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा, अनुशासन एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

आगे कहा कि वर्षों से क्षेत्रवासी सैनिक स्कूल की मांग कर रहे थे, जो अब पूर्ण हुई है। पार्षदों ने महापौर के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुलाकात के दौरान एमआईसी सदस्य अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव, हिमानी साहू, पार्षद मेघराज ठाकुर, अज्जू देशलहरे, कुलेश सोनी, हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर एवं संजय देवांगन उपस्थित थे।

## हाईस्कूल टांगापानी में हुआ विदाई समारोह

**नगरी।** शासकीय हाईस्कूल टांगापानी में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिसमें अपने वरिष्ठ साथियों को स्नेहपूर्ण वातावरण में विदाई दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बीडी बैरागी, शिक्षकगण मुकेश सोन, डिकेश कुमार सोन, माखनलाल ध्रुव, भोजराज साहू, रामसिंह भास्कर, सुश्री गीतांजलि मरकाम एवं मनोज वट्टी ने भी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने वरिष्ठ साथियों के साथ बिताए गए पलों को यादगार बनाया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन गुंजा एवं मनेश कुमार ने किया।



चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सोरिद भाट आंगनबाड़ी केंद्र में मना वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 सोरिद भाट में वजन त्योहार मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं का वजन कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद कौशिल्या देवांगन, संकुल समन्वयक ज्ञानेन्द्र गुप्ता, मितानिन डिम्पल सिन्हा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम कश्यप, ममता मंडावी, भगवती चंद्रवंशी उपस्थित थे। हितग्राहियों की उपस्थिति में बच्चों का वजन लेकर पोषण स्तर का आकलन किया गया तथा आवश्यक परामर्श दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने माताओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व की जानकारी दी।










जय भवानी जय शिवाजी

जय भवानी जय शिवाजी

